11. प्रार्थना-पत्र प्रधानाचार्य को *(दंड-मुक्ति के लिए)*

सेवा में

प्रधानाचार्य महोदय
एल.एन. गिरधारी लाल-स्कूल
दिल्ली–110006.

विषय–दंड-मुक्ति हेतु

महोदय,

सविनय निवेदन है कि गणित अध्यापक महोदय ने कुछ सप्ताह रविवार को विशेष कक्षाएँ लेने के लिए हमें अनिवार्य रूप से विद्यालय में आने के लिए कहा था। गत रविवार को मैं अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण कक्षा में उपस्थित नहीं हो सका। इसके लिए गणित अध्यापक महोदय ने मुझ पर दस रुपए का दंड लगा दिया है। मेरा आप से विनम्र निवेदन है कि मेरी विवशता पर विचार करते हुए मुझे दंड-मुक्त करने की कृपा करें। मैं आपका अत्यंत आभारी रहूँगा।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
मनोज शंकर मिश्र
कक्षा–छठी–अ

दिनांक : सितंबर 19, 2013

12. डाकिए की डाक बाँटने हेतु अनियमितता की शिकायत करते हुए डाकपाल को पत्र लिखिए।

प्रतिष्ठा में / सेवा में

डाकपाल महोदय
टी.टी. नगर डाकखाना
भोपाल

विषय–डाकिए की डाक बाँटने हेतु अनियमितता की शिकायत।

महोदय,

निवेदन यह है कि मैं कनॉट प्लेस का निवासी हूँ। हमारे क्षेत्र का डाकिया सही समय पर डाक वितरित नहीं करता। कई बार तो महत्त्वपूर्ण पत्र भी दो-दो दिन के बाद प्राप्त होते हैं, जिनका उपयोग भी समाप्त हो चुका होता है। कई बार पत्र गलत पते पर भी डाल देता है। जिससे और भी अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। कृपया आपसे अनुरोध है कि इस ओर ध्यान दें और डाकिए को सही रूप से कार्य करने के निर्देश दें।

धन्यवाद!

प्रार्थी
उमेश कुमार
(निवासी कनॉट प्लेस)
दिनांक–05 जनवरी, 2014